तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सनवर हुसैन बनाम **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 28/2024	

28/05/2024

अपीलार्थी सनवर हुसैन निवासी शफी बिल्डिंग के सामने, सूरसागर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 23.01.2024 में उनके द्वारा वर्णित दिवसों पर दिये गये विभिन्न प्रार्थनापत्रों पर की गई कार्यवाही से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी विकास शाखा/सम्पर्क शाखा से प्राप्त कर जरिये पत्रांक 1610 दिनांक 07.03.2024 से प्रेषित की जा चुकी है।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Date: 2025.01.28 10:46:39 IST
Reason: SelfAttested